दीपावली और छठ पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश

महराजगंज आज। दीपावली, छठ सहित आगामी पर्वों को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में पीस कमेटी की बैठक हुई। जिलाधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल और पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी ने विभिन्न समुदायों के धर्मगुरुओं और गणमान्य लोगों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी आयोजक शासन की गाइडलाइन का पालन करें। किसी भी दशा में गैर परंपरागत आयोजन न करें। निर्धारित रूट चार्ट और समय सारिणी का पालन अनिवार्य होगा। उन्होंने एसडीएम और सीओ को थानों पर संयुक्त बैठक करने तथा पंडालों और छठ घाटों का निरीक्षण कर साफ-सफाई, यातायात, बिजली और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। विद्युत विभाग को जर्जर और लटकते तारों की मरम्मत तथा रोस्टर के अनुसार बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने को कहा गया। छठ घाटों और विसर्जन स्थलों पर प्रकाश, सुरक्षा और मेडिकल टीम की व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए गए।एसपी ने पुलिस अधिकारियों को सतर्क रहने और छोटी से छोटी घटना पर तत्काल कार्रवाई करने को कहा। धनतेरस और दीपावली पर बाजारों में सादे कपड़ों में महिला-पुरुष पुलिसकर्मियों की तैनाती के निर्देश दिए। ड्यूटी में लापरवाही पर जवाबदेही तय करने की चेतावनी भी दी।बैठक में दोनों समुदायों के प्रबुद्धजनों ने त्योहारों को आपसी सद्भाव और भाईचारे के साथ मनाने का आश्वासन दिया। अपर जिलाधिकारी डॉ. प्रशांत कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



❖ गैर परंपरागत आयोजन पर रहेगी रोक

छेड़खानी और पॉक्सो एक्ट का आरोपी गिरफ्तार

श्यामदेउरवा। एसपी शक्ति मोहन अवस्थी के अपराध रोकथाम अभियान के तहत श्यामदेउरवा पुलिस ने छेड़खानी और पॉक्सो एक्ट के मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष महेन्द्र कुमार मिश्र के नेतृत्व में उपनिरीक्षक मंगला प्रसाद की टीम ने कार्रवाई की। श्यामदेउरवा पुलिस के अनुसार, अतीब अहमद (18), निवासी बडहरा बरईपार को मंगलवार को गांव के दक्षिण टोला स्थित पोखरे से पकड़ा। इसके बाद उसे न्यायालय भेज दिया गया। आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 74 और पॉक्सो एक्ट की धारा 7/8 के तहत मुकदमा दर्ज है। पुलिस ने आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक मंगला प्रसाद, कॉन्स्टेबल अरूण यादव और रोहित यादव शामिल थे।

मां की गोद से दो माह की मासूम लापता, ढका मिला बल्ब और खुली थी खिड़की

ठूठीबारी महराजगंज आज। ठूठीबारी कोतवाली क्षेत्र के राजाबारी ग्रामसभा के रमजीता गांव में सोमवार की रात मां की गोद में सो रही दो माह की बच्ची रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गई। सुबह नींद खुलने पर बच्ची के गायब मिलने से परिवार में चीख-पुकार मच गई। परिजनों ने अपहरण की आशंका जताई है।



जानकारी के अनुसार, सोमवार रात दंपती अपनी बच्ची के साथ कमरे में सो रहे थे। रात करीब दो बजे मां ने बच्ची को दूध पिलाकर सुलाया था। सुबह जब उनकी नींद खुली तो बच्ची बिस्तर से गायब थी। कमरे का बल्ब कपड़े से ढका हुआ और खिड़की खुली मिली।

परिजनों ने आसपास काफी तलाश की, लेकिन बच्ची का कोई सुराग नहीं मिला।सूचना पर ठूठीबारी पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू की। थानाध्यक्ष अमित कुमार सिंह ने बताया कि अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। बच्ची की तलाश के लिए पुलिस टीम गठित की गई है। घटना से पूरे गांव में चिंता का माहौल है।

मिठाई की तीन दुकानों से लिए नमूने, 80 किलो दूषित खोया कराया नष्ट

महराजगंज आज। दीपावली पर्व के मद्देनजर मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री पर रोक लगाने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग ने मंगलवार को विशेष अभियान चलाया। इस दौरान शहर की तीन मिठाई की दुकानों का निरीक्षण कर खोया और सोनपापड़ी के नमूने लिए गए। साथ ही 80 किलोग्राम दूषित खोया नष्ट कराया गया, जिसकी कीमत 24 हजार रुपये बताई गई है।

आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन लखनऊ के आदेश तथा जिलाधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने कार्रवाई की। टीम ने बांसपार रोड स्थित उपेंद्र मिष्ठान भंडार से खोया, कोतवाली के पास नागेंद्र मिष्ठान भंडार से सोनपापड़ी और इंद्रानगर स्थित सुरेश मिष्ठान भंडार से खोया का नमूना संग्रहित किया।

तीनों नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी अंकित सिंह, हिमांशु जयंत, हंसराज प्रसाद और पवन कुमार गोंड शामिल रहे।

पुलिस ने 10 बोरी अखरोट के साथ महिला को किया गिरफ्तार

आनंन्दनगर आज। तस्करी और अवैध गतिविधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत फरेंदा पुलिस ने मंगलवार को 10 बोरी अखरोट बरामद कर एक महिला को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी महिला के खिलाफ कस्टम अधिनियम की धारा 111 के तहत कार्रवाई की है।



थानाध्यक्ष राघवेंद्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए कमरजहा (50) पत्नी वकील निवासी कोल्हुई, थाना कोल्हुई को 10 बोरी अखरोट के साथ पकड़ा। बरामदगी के आधार पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।कार्रवाई करने वाली टीम में थानाध्यक्ष राघवेंद्र सिंह, उपनिरीक्षक सौरभ पटेल, कांस्टेबल मनीष कुमार, सच्चिदानंद बिंद और महिला पीआरडी जवान माया यादव शामिल रहीं। पुलिस के अनुसार तस्करी एवं अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा।

नहर के पास पलटी आल्टो, तीन घायल ,रेफर

निचलौल। महिला का अंतिम संस्कार कर घर लौट रहे तीन लोग सोमवार की शाम को सड़क हादसे के शिकार हो गए ।जिगनहवा नहर के पास सडक किनारे ऑटो नियंत्रित होकर पलट गई। तीनों उसके नीचे दब गए राहगीरों ने उन्हें बाहर निकाल कर सामुदायिक स्वास्थ्य के निचलौल पहुंचाया प्राथमिक चिकित्सा के बाद चिकित्सकों ने उनकी स्थिति की गंभीरता को देखते हुए जिला अस्पताल महाराजगंज रेफर कर दिया ।घायलों के नाम पुजारी गुप्ता संजय वर्मा,व विकाश निवासी ठूठीबारी बताया जा रहा है,ये तीनो लोग महिला की अंतिम संस्कार करके मधवलिया जंगल से लौट रहे थे।

90 दिन बाद भी विवेचना अधूरी, एसपी ने उपनिरीक्षक को किया निलंबित

महराजगंज । विवेचना में लापरवाही और कर्तव्यों के प्रति उदासीनता बरतने पर पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी ने थाना सिंदुरिया में तैनात उपनिरीक्षक सत्यप्रकाश त्रिपाठी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।पुलिस के अनुसार, थाना सिंदुरिया में दर्ज मुकदमा संख्या 166/2026, धारा 137(2) बीएनएस की विवेचना में 90 दिन से अधिक समय बीतने के बावजूद आवश्यक साक्ष्य संकलन की कार्रवाई पूरी नहीं की गई। साथ ही मामले का निस्तारण भी लंबित रखा गया था।इस संबंध में क्षेत्राधिकारी सदर की ओर से भेजी गई रिपोर्ट में विवेचक की कार्यप्रणाली में गंभीर लापरवाही और शिथिलता सामने आई। रिपोर्ट के आधार पर एसपी ने निलंबन की कार्रवाई की।एसपी ने स्पष्ट किया कि पुलिस कार्यों और विवेचनाओं में लापरवाही बरतने वाले कर्मियों के खिलाफ कठोर विभागीय कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी पुलिसकर्मियों को अपने दायित्वों का जिम्मेदारी से निर्वहन करने की हिदायत दी।

मानव तस्करी रोकने को लेकर कोर कमेटी की बैठक

ठुठीबारी । सुरोखित शैशव कार्यक्रम के अंतर्गत कोतवाली ठुठीबारी में मानव तस्करी को रोकने के लिए कोर कमेटी की बैठक किया गया। बैठक में मानव तस्करी, बाल श्रम, बाल विवाह, बाल शोषण को रोकने हेतु विभिन्न स्तरों पर जागरूकता, दोनों देश के आपसी सामंजस्य, मानक संचालन प्रणाली की प्रभावी क्रियान्यवन, पीड़िता की पहचान और पुनर्वासन के क्षेत्र में विभिन्न पहलुओं पर चर्चा किया गया। साथ ही साथ यह भी निकल कर आया कि यदि कहीं मानव तस्करी से संबंधित शुरुआती पहचान हो पाती है, तो इसकी सूचना तुरंत स्थानीय पुलिस और सशस्त्र सीमा बल को अवश्य दिया जाए। आने जाने वालों को स्वय सेवी संस्थाओं के द्वारा सुरक्षित आवागमन पर और अधिक जागरूकता करने की जरूरत है। साथ ही साथ हेल्पलाइन नंबर के बारे में लोगों को बताना है। जिसके लिए और सावधानी बरतने की जरूरत है। इस अवसर पर सशस्त्र सीमा बल 22 वी बटालियन के उपनिरीक्षक वाईरंगमा , कोतवाली के ठूठीबारी के वरिष्ठ उप निरीक्षक बृजेश कुमार पाण्डेय, मिशन शक्ति प्रभारी सुश्री प्रियंका मौर्या, नेपाल पुलिस के ए एस आई रामअचल यादव, आंफत संस्थान की विपिना , आशीष सामाजिक सेवा संस्थान अस्मिता, मानव सेवा सस्थान के वरुण मिश्रा एवं पूर्वांचल ग्रामीण सेवा समिति के श्रवण कुमार, साधना ,मेनका उपस्थित रहें।

सेवानिवृत्त होने पर विदाई एक प्रक्रिया है- राजेश जायसवाल

आनन्दनगर (आज)। आदर्श नगर पंचायत आनंदनगर के लाइनमैन राममूरत यादव के सेवानिवृत्त होने पर बीते दिन दुर्गा मंदिर परिसर के हॉल में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि, पूर्व अधिशासी अधिकारी, सभासदों और कर्मचारियों ने उन्हें भावभीनी विदाई दी। सम्मान समारोह के दौरान उपस्थित लोगों की आंखें नम हो उठीं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि राजेश जायसवाल ने कहा कि विदाई एक प्रक्रिया है। नगर पंचायत के विकास कार्यों में राममूरत यादव का अतुलनीय योगदान रहा है। वह अपने कार्यों और कर्तव्यों के प्रति हमेशा सजग एवं सतर्क रहे। उनका कार्यकाल बेहद सराहनीय रहा। सेवानिवृत्ति के बाद उनकी सामाजिक और पारिवारिक जिम्मेदारियां बढ़ गई हैं। उन्होंने उनके उज्ज्वल भविष्य और स्वस्थ जीवन की कामना की।वहीं, पूर्व अधिशासी अधिकारी अवध प्रकाश सिंह ने कहा कि राममूरत यादव अपनी कार्यकुशलता और व्यवहार के कारण अधिकारियों एवं कर्मचारियों के बीच बेहद लोकप्रिय रहे। उनके कार्यों से सभी को सीख लेनी चाहिए।समारोह के दौरान सेवानिवृत्त कर्मचारी राममूरत यादव को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर ग्राम प्रधान संघ अध्यक्ष रामप्रताप यादव, सभासद गौतम पटवा, मुकेश सिंधी, महेश लोहिया, कृष्ण कुमार वर्मा, मोनू पांडेय, देवीशरण दूबे, गौरीशंकर यादव, धीरेंद्र श्रीवास्तव, वाल्मीकि गुप्ता, ह्रदेश कुमार यादव, बृजेश यादव और अशोक चौरसिया सहित अनेक लोग मौजूद रहें।



आबादी के बीच मकान से पटाखे का जखीरा बरामद, एक गिरफ्तार

निचलौल ।एसडीएम अवनीश कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में प्रशासन की टीम ने सोमवार की शाम को निचलौल कस्बे के एक मकान में छापेमारी की जिसने भारी मात्रा में पटाखा बरामद किए।मकान से 18 गट्ठर और आठ बोरियों में रखें विभिन्न प्रकार के प्रकाश युक्त पटाखे और फुलझड़ी बरामद किए। प्रसाशन की टीम ने पटाखे को सीज कर एक व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। जिसकोदेर शाम पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। प्रशासन को सूचना मिली थी कि कस्बे की आबादी के बीच में स्थित एक मकान में भारी मात्रा में पटाखे रखे गये हैं जिसके कारण किसी भी समय अप्रिय घटना घट सकती है।सूचना पाकर एसडीएम अवनीश त्रिपाठी तहसीलदार अमित कुमार सिंह थाना प्रभारी योगेंद्र कुमार राय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और छापेमारी की तो मकान के दूसरी मंजिल पर राखी भारी मात्रा में पटाखा बरामद हुआ। थाना प्रभारी योगेंद्र राय ने बताया की कौशेन नामक एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया हैं,उसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया हैं।

पदयात्रा को सफल बनाने के लिए पूर्व विधायक बजरंग बहादुर सिंह ने की बैठक

आनन्दनगर (आज)। फरेंदा के पूर्व विधायक बजरंग बहादुर सिंह ने अपने कार्यालय पर आगामी 4 नवंबर को गोरखपुर में आयोजित होने वाली 'लोकतंत्र बचाओ॰अराजकता हटाओ' विशाल पदयात्रा की तैयारियों को लेकर कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की।बैठक में पदयात्रा को सफल बनाने, अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं की सहभागिता सुनिश्चित करने और कार्यक्रम की व्यवस्थाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। पूर्व विधायक ने सभी कार्यकर्ताओं से पूरी तत्परता और एकजुटता के साथ जुटने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पदयात्रा को सफल बनाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है।इस अवसर पर विनोद प्रजापति, रविंद्र, सर्वदानंद मिश्र, भमभोले मौर्य, हीरा गुप्ता सहित तमाम कार्यकर्ता एवं अन्य लोग उपस्थित रहें।



लोकतंत्र बचाओ पदयात्रा को लेकर निचलौल में कार्यकर्ताओं संग राजेन्द्र पटेल ने बनाई रणनीति

महराजगंज । लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ पदयात्रा के तहत गोरखपुर में आयोजित होने वाले कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर निचलौल में कार्यकर्ताओं के साथ सिसवा विधानसभा के संभावित प्रत्याशी राजेन्द्र पटेल ने बैठक की। इसमें पदयात्रा को सफल बनाने के लिए रणनीति तैयार की गई और कार्यकर्ताओं को विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गईं।बैठक में सिसवा विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम की रूपरेखा पर चर्चा करते हुए अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने पर जोर दिया। कार्यकर्ताओं ने पदयात्रा के उद्देश्य और उसकी सफलता को लेकर विचार-विमर्श किया।इस दौरान सिसवा विधानसभा विस्तारक कृष्णा जायसवाल, गुड्डू पटेल, अनुराग द्विवेदी, सुनील मद्धेशिया, विनोद गौंड, घनश्याम पटेल, अरविंद चौधरी, विशाल अग्रहरि और अश्वनी पटेल सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।बैठक में कार्यकर्ताओं ने पदयात्रा को सफल बनाने के लिए आपसी समन्वय के साथ कार्य करने और निर्धारित कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी निभाने का संकल्प लिया।



छठ महापर्व को लेकर पुलिस प्रशासन ने घाटों का किया निरीक्षण

झुलनीपुर (आज) आस्था के महापर्व छठ पूजा में अब कुछ ही दिन बचे हैं, पुलिस प्रशासन ने तैयारी शुरू कर दी है, निचलौल पुलिस ने बहुआर खुर्द तेरे चार पुल, झुलनीपुर, गेडहवा, बैठवलिया, बहुआर कला धोवहा नाला पर बने छठ घाटों का निरीक्षण किया गया। बहुआर चौकी प्रभारी मनोज गुप्ता ने बताया कि छठ घाट पर साफ सफाई, रोशनी, बेरीकेटिंग, सुरक्षा व्यवस्था समय रहते दुरुस्त करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा छठ व्रतियों और श्रद्धालुओं को अर्घ्य देने के दौरान किसी तरह की परेशानी नहीं होने दी जाएगी। भीड़ और डूबने जैसी घटनाओं की आशंका को ध्यान में रखते हुए घाटों पर बैरिकेटिंग तथा गोताखोरों की तैनाती सुनिश्चित किया जाएगा। घाटों और आसपास में कूड़ा कचरा नहीं फैलाने तथा स्वच्छता बनाए रखने की लोगों से अपील की गई। तेरे चार पुल के पास बना सूअर बड़ा हटाने का निर्देश दिया गया।उन्होंने यह भी कहा कि छठ महापर्व को शांतिपूर्ण सुरक्षित और व्यवस्थित तरीके से संपन्न करने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह तत्पर रहेंगे।

पोखरे में जहरीला पदार्थ डालने का आरोप, दो लाख रुपये की मछलियां मरीं

महराजगंज आज। नगर पंचायत चौक के वार्ड नंबर 10 दिग्विजय नाथ नगर में पोखरे में कथित रूप से जहरीला पदार्थ डाले जाने से बड़ी संख्या में मछलियों की मौत हो गई। घटना में मछली पालक को करीब दो लाख रुपये का नुकसान होने का अनुमान है।पीड़ित मछली पालक पिंटू साहनी के अनुसार, पोखरे में पाली गई मछलियां अचानक मृत अवस्था में पानी की सतह और किनारों पर दिखाई देने लगीं। उन्होंने आशंका जताई कि किसी ने रंजिश के चलते पोखरे में जहरीला पदार्थ डाल दिया है। घटना के बाद से पीड़ित परिवार आर्थिक नुकसान को लेकर परेशान है।पिंटू साहनी ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में चौक थानाध्यक्ष मनीष पटेल ने बताया कि पोखरे में मछलियों की मौत की जानकारी मिली है, लेकिन अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल जहरीला पदार्थ डाले जाने की पुष्टि नहीं हुई है।



समस्या ग्रसित बच्चों के लिए एनम, सगिनी और आशाओं को मनोवैज्ञानिक सहायता का दिया गया प्रशिक्षण

निचलौल आज। आज दिन मंगलवार को पूर्वांचल ग्रामीण सेवा समिति, शाखा - निचलौल द्वारा संचालित सुरोखित शैशव कार्यक्रम के तहत संकट और कठिन परिस्थितियों से प्रभावित बच्चों और उनके परिवारों को समय पर और सही मानसिक सहायता और दिव्यागता की जल्द से जल्द पहचान पहुँचाने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निचलौल में बी पी एम उमेश चन्द यादव की अध्यक्षता में एनम, सगिनी और आशाओ का एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। सिस्टर जगरानी ने कहा कि एक विशेष पहल की शुरुआत की है। इस पहल से स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के लिए एक व्यापक काउंसलिंग सेशन और मनोवैज्ञानिक सहायता, दिव्यागता की पहचान में मदद मिलेगा। श्रवण कुमार ने कहा कि ट्रेनिंग का मुख्य उद्देश्य स्टाफ को उन जरूरी कौशलों और तकनीकों से लैस करना है, जिससे वे मानसिक तनाव, आघात और संकट से जूझ रहे बच्चों और उनके अभिभावकों की पहचान कर सकें और उन्हें तत्काल भावनात्मक व मनोवैज्ञानिक संबल प्रदान करते हुए रेफरल सेवा प्रदान करें। पी जी एस एस गोरखपुर के डाक्टर शशिशेखर ने ट्रेनिंग प्रोग्राम की मुख्य बातें शुरुआती मानसिक सहायता स्टाफ को सिखाया और दिव्यागता की अरलियर पहचान पर जानकारी दी गई। ट्रेनिंग प्रोग्राम का संचालन साधना देवी ने किया।



विधवा महिला ने सुरक्षा को लेकर जताई चिंता

महराजगंज । बृजमनगंज थाना क्षेत्र के ग्राम ग्राफ करमा निवासी विधवा पूजा पत्नी स्वर्गीय राजेश ने अपनी और बच्चों की जान-माल की सुरक्षा की गुहार लगाई है। मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत के बाद भी महिला ने खुद को भयभीत बताते हुए पुलिसिया कार्रवाई पर सवाल उठाए हैं।महिला का आरोप है कि पति की मृत्यु के बाद से गांव के कुछ दबंग लोग उसे लगातार परेशान कर रहे हैं और मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहे हैं। शिकायत के बाद जांच के सिलसिले में उपनिरीक्षक दीपक यादव और उनके हमराही द्वारा उसे अकेले थाने बुलाया जा रहा है। इससे वह असुरक्षित महसूस कर रही है।पूजा ने उच्चाधिकारियों से मामले की निष्पक्ष जांच कराने, महिला पुलिसकर्मी की मौजूदगी में बयान दर्ज करने तथा अकेले थाने न बुलाने की मांग की है। उसने अपने और बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ आरोपितों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की गुहार लगाई है। हालांकि, मामले में पुलिस का पक्ष सामने नहीं आया है

आशा कार्यकत्री एवं आशा संगिनी का धरना प्रदर्शन समाप्त

सिंदुरिया आज । आशा कार्यकत्री एसोसिएशन उत्तर प्रदेश की जिला कमेटी महराजगंज ने अपना अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार एवं धरना प्रदर्शन 3 नवम्बर 2026 दिन मंगलवार को समाप्त कर दिया।यह जानकारी प्रान्तीय अध्यक्ष उत्तर प्रदेश एवं जिलाध्यक्ष महराजगंज जमीरून निशा ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मिठौरा के प्रभारी अधीक्षक को पत्र देकर दिया । इस पत्र में बताया गया कि आशा कार्यकत्री एवं आशा संगिनी संघ की राष्ट्रीय अध्यक्ष चंदा यादव एवं प्रदेश अध्यक्ष के आह्वान पर अपनी पांच सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदेश के समस्त जिलों में विगत 08 अक्टूबर 2026 से अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार चल रहा था । 2 नवम्बर 2026 दिन सोमवार को जिला कमेटी आशा कार्यकत्री संघ महराजगंज की जिलाध्यक्ष जमीरून निशा के नेतृत्व में कमेटी के पदाधिकारीगण गोरखपुर स्थित गुरु गोरक्षनाथ मंदिर में आए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर अपनी मांगों से संबंधित एक ज्ञापन पत्र दिया । इसके उपरान्त मुख्यमंत्री ने उन्हें आश्वस्त करते हुए कहा कि ठीक है , आप सभी थोड़ा इंतजार करो, शीघ्र ही कुछ अच्छा परिणाम दिखेगा। ऐसे में मुख्यमंत्री के आश्वासन पर आशा कार्यकत्री एवं आशा संगिनी संघ का अनिश्चितकालीन धरना - प्रदर्शन एवं कार्य बहिष्कार से संबंधित आंदोलन 3 नवंबर 2026 को समाप्त किया गया है । सभी कार्यकत्री 04/11/20260से अपने अपने क्षेत्र में कार्य करेंगी।शीघ्र ही मांग पत्र पूरा न होने पर पुनः आर - पार की लड़ाई लड़ी जाएगी ।

❖ पांच सूत्रीय मांगों को लेकर चल रहा था आंदोलन

हाईवे किनारे नाली निर्माण को लेकर उठे सवाल

आनन्दनगर ।फरेंदा क्षेत्र के ग्राम सभा बाजारडीह में हाईवे के किनारे नाली निर्माण नहीं होने से जलनिकासी की समस्या को लेकर सवाल उठने लगे हैं। नाली निर्माण को लेकर पहले निर्माण कार्यदायी संस्था की ओर से व्यवस्था किए जाने की बात कही गई थी, लेकिन अब तक निर्माण कार्य नहीं हो सका है।स्थानीय लोगों का कहना है कि हाईवे के किनारे नाली निर्माण नहीं होने से जलनिकासी की समस्या बनी हुई है। वहीं, पीएनसी के अधिकारी योगेश कुमार पुण्डरिक ने बताया कि जहां सर्विस लेन बनी है,वहां सड़क के किनारे नाली निर्माण कराया जाएगा।

बिरसा मुंडा के आदर्शों को अपनाकर राष्ट्र निर्माण में योगदान दें-सुरेश चंद्र

महराजगंज आज। सर्व कल्याण सेवा समिति, इंदिरा नगर के तत्वावधान में महान क्रांतिकारी एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भगवान बिरसा मुंडा के जीवन पर विशेष संगोष्ठी आयोजित की गई। इसमें वक्ताओं ने उनके संघर्ष, त्याग और आदर्शों को आत्मसात करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए संस्था के अध्यक्ष सुरेश चंद्र पांडेय ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा का सपना स्वतंत्र और सशक्त राष्ट्र का निर्माण करना था। उन्होंने लोगों से संगठित होकर शिक्षा, चिकित्सा और सामाजिक व्यवस्था के क्षेत्र में आगे बढ़ने की अपील की।

प्रांतीय रक्षक दल के पदाधिकारी बृजभूषण उपाध्याय ने कहा कि बिरसा मुंडा के बताए मार्ग और आदर्शों को अपनाकर ही राष्ट्र के विकास में सार्थक योगदान दिया जा सकता है।

कार्यक्रम के अंत में संस्था के सचिव विकास ने सहन कुमार, राम प्यारी, संगीता, नेहा और अनुष्का सहित सभी आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

एनसीसी के संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में निचलौल कॉलेज के कैडेटों का दबदबा

निचलौल आज। राजेन्द्र प्रसाद ताराचंद पीजी कॉलेज के एनसीसी कैडेटों ने संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में शानदार प्रदर्शन कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। 102 यूपी बटालियन गोरखपुर के तत्वावधान में 21 से 30 अक्टूबर तक परमहंस पाल पीजी कॉलेज गुरली में आयोजित शिविर में महाविद्यालय के 14 कैडेटों ने डेल्टा कंपनी की ओर से ओवरऑल प्रथम स्थान हासिल किया।इस उपलब्धि पर प्राचार्य डॉ. गोविन्द शरण सिंह ने विजेता कैडेटों को मेडल और पुरस्कार देकर सम्मानित किया। ओवरऑल बेस्ट कैडेट का पुरस्कार इरशाद अंसारी और आस्था विश्वकर्मा को मिला। क्वार्टर गार्ड में शैलजा गुप्ता और दीपशिखा प्रजापति ने मेडल जीते।बेस्ट फायरिंग में आस्था विश्वकर्मा प्रथम, दीपक द्वितीय और विवेक तृतीय रहे। वाद-विवाद, प्रश्नोत्तरी और एनसीसी गीत में प्रथम स्थान प्राप्त किया। रस्साकशी और थ्रो बॉल में द्वितीय स्थान मिला।प्रबंधक अमरीश यादव और उप प्राचार्य उपेन्द्र गुप्त ने कैडेटों को बधाई दी। शिविर का संचालन लेफ्टिनेंट हेमंत कुमार यादव ने किया।